2022/173

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट

श्री धीरेन्द्र असारसा
निवासी रोज व्यू
आबूपर्वत जिला सिरोही।

बनाम

अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005 — मुकदमा नं. 19 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
22.03.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 22.10.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि पत्र क्रमांक 242 दिनांक 25.02.2021 की पालना में उपस्थित वरिष्ठ आई.ए.एस एवं आर.ए.एस. अधिकारियों के नाम एवं सूचि से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 22.10.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि पत्र क्रमांक 242 दिनांक 25.02.2021 की पालना में उपस्थित वरिष्ठ आई.ए.एस एवं आर.ए.एस. अधिकारियों के नाम एवं सूचि से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर यह प्रतीत होता है कि उक्त सूचना राजस्थान राज्य भारत, स्काउट व गाईड, स्टेट ट्रेनिंग एवं एडवेन्चर सेन्टर आबूपर्वत से सम्बन्धित होने से उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत के द्वारा अपीलांट का मूल आवेदन राजस्थान राज्य भारत, स्काउट व गाईड, स्टेट ट्रेनिंग एवं एडवेन्चर सेन्टर आबूपर्वत को जरिए पत्र क्रमांक 1751 दिनांक 26.10.2021 के द्वारा स्थानान्तरित कर दिया था। चूंकि राजस्थान राज्य भारत, स्काउट व गाईड, स्टेट ट्रेनिंग एवं एडवेन्चर सेन्टर आबूपर्वत के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Bhalla (डॉ. भँवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Bhanwar Lal Date: 2022.04.20 16:16:53 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner